**दिनांक : 04/05/2026** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार:-

ऽ प्रदेश को मिल्क कैपिटल बनाने की राह पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, ग्वालियर में आज होगा दुग्ध उत्पादक सम्मेलन।

ऽ चार राज्यों और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की मतगणना आज सुबह 8 बजे से शुरू, डाक मतपत्रों की गिनती पहले होगी।

ऽ इंदौर बनेगा वैश्विक कृषि विमर्श का केंद्र, जून में 21 देश होंगे ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल।

और

ऽ आईपीएल में कल गुजरात ने पंजाब को 4 विकेट से हराया, आज शाम साढ़े सात बजे मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबला होगा।

अब समाचार विस्तार सेः-

दुग्ध उत्पादक सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज ग्वालियर के मेला ग्राउंड में राज्य स्तरीय दुग्ध उत्पादक एवं पशुपालक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस सम्मेलन में प्रदेशभर के करीब 20 हजार पशुपालक और दुग्ध उत्पादक शामिल होंगे। सरकार का लक्ष्य प्रदेश को मिल्क कैपिटल बनाना है और इसी दिशा में लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण-पत्र भी बांटे जाएंगे।

मतगणना-विधानसभा चुनाव

असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुद्दुचेरी में आज सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी, जबकि ईवीएम की गिनती साढ़े आठ बजे से होगी और शुरुआती रुझान दोपहर तक आने की उम्मीद है। इन पांचों राज्यों में कुल 823 सीटों पर मतगणना होनी है, जिसमें अकेले तमिलनाडु की 234 और पश्चिम बंगाल की 293 सीटें शामिल हैं। निर्वाचन आयोग ने सभी मतगणना केंद्रों पर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं।

ब्रिक्स कृषि सम्मेलन

इंदौर के ग्रैंड शेरेटन होटल में 9 से 13 जून तक ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के तहत कृषि कार्य समूह का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित होगा. इसमें 21 देशों के कृषि मंत्री, वैज्ञानिक और नीति निर्धारक शामिल होंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चैहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल तैयारियों की समीक्षा बैठक की। श्री चैहान ने मीडिया से बात करते हुए कहा-

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कहना है कि इस सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और किसान कल्याण जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा होगी।

सिंचाई परियोजनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पन्ना जिले में बन रही मझगांय और रुंज सिंचाई परियोजनाएं पूरी होने के बाद 86 गांवों के करीब 45 हजार किसान परिवारों को सिंचाई का फायदा मिलेगा। परियोजना से प्रभावित होने वाले लोगों की समस्याएं सुनने के लिए सरकार ने एक राज्य स्तरीय समिति बनाई है, जो 5 दिन में अपनी रिपोर्ट देगी।

इकोनॉमिक कॉरिडोर-भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल इंदौर के ग्राम नैनोद में 2 हजार 360 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के पहले चरण का भूमिपूजन किया। करीब 20 किलोमीटर लंबा यह कॉरिडोर इंदौर और पीथमपुर के बीच बेहतर कनेक्टिविटी

बनाएगा और 5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा करेगा। किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए सरकार ने 60 फीसदी विकसित जमीन वापस देने का एलान किया है, ताकि वे भी विकास में भागीदार बन सकें। इसके अलावा डॉ. यादव कल जैन समाज के प्रतिष्ठा महोत्सव में भी शामिल हुए।

राज्य महिला आयोग-अध्यक्ष

प्रदेश सरकार ने करीब 6 साल के लंबे इंतजार के बाद राज्य महिला आयोग में नई नियुक्तियां की हैं। रेखा यादव को आयोग का अध्यक्ष और पूर्व विधायक साधना स्थापक को सदस्य बनाया गया है। दोनों का कार्यकाल तीन साल का होगा। रेखा यादव वर्ष 2008 में छतरपुर जिले की बड़ामलहरा सीट से विधायक रह चुकी हैं।

उपग्रह मिशन

बेंगलुरु स्थित एक निजी अंतरिक्ष स्टार्टअप गैलेक्सी आई ने कल विकसित उपग्रह मिशन दृष्टि को स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट की मदद से सफलतापूर्वक लॉन्च किया। इसकी मदद से प्रतिकूल मौसम आपदा के असर, कृषि और सीमा निगरानी से जुड़ी तस्वीरें प्रभावी ढंग से मिल सकेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मिशन को अंतरिक्ष यात्रा में महत्वपूर्ण उपबल्धि बताते हुए गैलेक्सी आई के संस्थापकों और पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी।

रक्षा प्रौद्योगिकी संगोष्ठी- राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज प्रयागराज में रक्षा त्रिवेणी संगम विषय पर तीन दिवसीय उत्तर प्रौद्योगिकी संगोष्ठी का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम में 280 से अधिक कंपनियां अपनी नवीनतम स्वदेशी रक्षा तकनीकें प्रदर्शित करेंगी और देशभर से एमएसएमई  स्टार्टअप व सैन्य कर्मी भी शामिल होंगे।

डायरेक्टर-लूट

दिल्ली की शुभ्रा रंजन आईएएस एकेडमी की डायरेक्टर को उनके ही पूर्व छात्र और फ्रेंचाइजी पार्टनर प्रियंक शर्मा ने नई ब्रांच दिखाने के बहाने भोपाल बुलाकर बागसेवनिया के एक फ्लैट में बंधक बना लिया और पिस्टल तानकर करीब 1 करोड़ 89 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। शोर छुपाने के लिए आरोपियों ने बाहर सुंदरकांड का पाठ भी करवाया। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी एम्स के आईसीयू में भर्ती हो गया, लेकिन पुलिस ने वहीं से उसे पकड़ लिया। अब तक 6 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं जबकि 3 अभी फरार हैं।

मंदसौर -79 लोग बीमार

मंदसौर जिले के तुरकिया गांव में एक मुंडन कार्यक्रम में दाल-बाफले, लड्डू और लस्सी खाने के बाद 79 लोगों को उल्टी-दस्त और घबराहट की शिकायत हो गई। चार लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती करना पड़ा, बाकी का इलाज गांव में ही चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर है और सभी मरीजों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है।

बरगी डैम-क्रूज हादसा

जबलपुर के बरगी डैम में हुए क्रूज हादसे में कल यानी चार दिन बाद भी दो और शव बरामद हुए, जिससे मृतकों की कुल संख्या 13 पहुंच गई है। सुबह 9 साल के मयूरन और 40 साल के कामराज का शव पानी से निकाला गया, जिनमें कामराज की 4 साल की बेटी श्रीतमिल का शव एक दिन पहले ही मिला था।

पंचायत विकास- राष्ट्रीय कार्यशाला

पंचायत विकास योजनाओं की तैयारी को लेकर आज से नई दिल्ली में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला शुरू होगी। इसमें सभी राज्यों के प्रतिनिधि और पंचायत से जुड़े प्रमुख लोग शामिल होंगे। इस कार्यशाला का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि 2026-27 की पंचायत विकास योजनाएं 16वें वित्त आयोग की शर्तों के मुताबिक हों और ग्रामीण समुदायों को इनका सीधा फायदा मिले।

आईपीएल

आईपीएल में कल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स ने पंजाब किंग्स को 4 विकेट से मात दी। पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 163 रन बनाए थे। गुजरात की ओर से साई सुदर्शन ने 57 रन की पारी खेली, जबकि जेसन होल्डर ने 4 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता। आज शाम साढ़े सात बजे वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबला होगा।

मौसम

प्रदेश में पिछले 4 दिनों से बदले मौसम का असर अगले 4 दिन यानी 7 मई तक बना रहेगा। मौसम विभाग ने आज 34 जिलों में आंधी-बारिश और भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर व रीवा में ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। आंधी की रफ्तार 30 से 60 किमी प्रतिघंटा तक रह सकती है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक प्रदेश में ट्रफ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से यह मौसम बना हुआ है, जबकि मई में आमतौर पर भीषण गर्मी का दौर रहता है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

ऽ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल महू के सुशीला देवी बंसल कॉलेज के प्लेसमेंट प्रोग्राम में पहुंचे और विभिन्न कंपनियों में चयनित युवाओं को प्रमाण-पत्र बांटे।

ऽ 1 से 3 मई तक अवकाश रहने के कारण मासिक राष्ट्रगीत-राष्ट्रगान का आयोजन आज सुबह 10.15 बजे सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में किया जाएगा।

ऽ हेलमेट विशेष अभियान के तहत खंडवा पुलिस ने बिना हेलमेट दोपहिया चलाने वाले 357 लोगों पर 1 लाख 25 हजार 900 रुपये का जुर्माना लगाया।

ऽ बैतूल में हुई आगजनी के बाद केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उईके ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर राहत एवं शीघ्र मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए।

ऽ मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में 73वीं शलाका चित्र प्रदर्शनी के तहत भील जनजातीय चित्रकार सुनीता भावोर के चित्रों की प्रदर्शनी 30 मई तक देखी जा सकेगी।

ऽ राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने मिसरोद और प्रताप नगर में साढ़े चार लाख लीटर क्षमता की दो पानी की टंकियों का भूमिपूजन किया

ऽ बरगी डैम क्रूज हादसे में 13 लोगों की मौत के बाद युवा कांग्रेस ने कल भोपाल में पर्यटन मंत्री के खिलाफ प्रतीकात्मक शव यात्रा निकाली।

ऽ उज्जैन में ट्रक से 900 पेटी अवैध बीयर और इंदौर में कार से 43 पेटी अंग्रेजी शराब पकड़ी गई, दोनों कार्रवाइयों में दो आरोपी गिरफ्तार किए गए।

ऽ आगरमालवा में आज आरसेटी के एक दिवसीय शिविर में पंखा, मोटर रिपेयर एवं रिवाइंडिंग, वाईडिंग का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

ऽ छिंदवाड़ा की बास्केटबॉल खिलाडियों के केंद्रीय विद्यालय वेस्ट जोन प्रतियोगिता जीतने एवं नेशनल के लिये चयनित होने पर सांसद बंटी विवेक साहू ने खिलाड़ियों का सम्मान किया।

ऽ नीमच जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी दी है कि उपार्जन केंद्रों पर नए और अच्छी गुणवत्ता के नए बारदाने पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

-------------